# SECOND TERM EVALUATION 2023-2024

**809**

## Third Language

# HINDI

**A**

**STD. VIII**

**Time : 90 Minutes**
**Maximum Score : 40**

सामान्य निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

**सूचना : 'मेरे बच्चे को सिखाएँ' पत्र का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

वह भले लोगों के साथ नेक व्यवहार करे और बदमाशों को करारा सबक सिखाए। जब लोग भेड़ों की तरह एक ही एक रास्ते पर चल रहे हों तो उसमें भीड़ से अलग होकर अपना रास्ता बनाने की हिम्मत हो। उसे सिखाएँ कि वह हरेक की बात को धैर्यपूर्वक सुने, फिर उसे सत्य की कसौटी पर कसे और केवल अच्छाई को ही ग्रहण करे। अगर हो सके तो उसे दुख में भी हँसने की सीख दें।

1. **'उसमें'** में निहित सर्वनाम कौन-सा है? 1

   (क) मैं (ख) वह (ग) हम (घ) यह

2. बदमाशों के संबंध में अब्रहाम लिंकन क्या कहते हैं? 1

3. चार सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 4
   - हमें भीड़ से अलग होकर अपना रास्ता बनाना है।
   - हमें भले लोगों के साथ बुरा व्यवहार करना है।
   - हमें हरेक की बात धैर्यपूर्वक सुननी है।
   - हमें बुराई को ग्रहण करना है।
   - हमें दुख में भी हँसना है।
   - हमें हर बात को सत्य की कसौटी पर कसना है।

**सूचना : 'सुख-दुख' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।**

यह साँझ उषा का आँगन,
आलिंगन विरह-मिलन का;
चिर हास-अश्रुमय आनन
रे इस मानव-जीवन का!

4. **'मुख'** का समानार्थी शब्द चुनकर लिखें। 1

(क) आँगन (ख) आनन (ग) आलिंगन (घ) जीवन

5. कवितांश में **'साँझ'** और **'उषा'** किन-किनके प्रतीक हैं? 2

**सूचना : 'पिता का प्रायश्चित' संस्मरण का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 6 और 7 के उत्तर लिखें।**

सज़ा रहने के बाद भी मैं शायद झूठ बोलने की अपनी आदत नहीं बदलती होती। परंतु इस अहिंसक घटना का मेरे ऊपर बहुत गहरा असर हुआ। मुझे लगता है जैसे यह घटना कल ही घटी हो। अहिंसा की यही शक्ति है।

6. सही वाक्य चुनकर लिखें। 1

(क) अरुण गाँधी आश्रम में रहता है। (ख) अरुण गाँधी आश्रम में रहता हूँ।

(ग) अरुण गाँधी आश्रम में रहती है। (घ) अरुण गाँधी आश्रम में रहती हो।

7. अपनी गलती पर पिता को प्रायश्चित करते देख अरुण गाँधी को बहुत दुख हुआ। उसने कभी झूठ न बोलने का निर्णय लिया। अरुण गाँधी की उस दिन की **डायरी** लिखें। 4

**सूचना : 'डॉक्टर के नाम मज़दूर का पत्र' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 8 और 9 के उत्तर लिखें।**

हमें मालूम है
अपनी बीमारी का कारण
वह एक छोटा-सा शब्द है
जिसे सब जानते हैं
पर कहता कोई नहीं
वह है "गरीबी"।

8. **'छोटा शब्द'** में विशेषण शब्द कौन-सा है? 1

9. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें। 4

**सूचना : दोहा पढ़ें और 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर।
पंथी को छाया नाहिं, फल लागै अतिदूर।।

10. कबीर ने स्वार्थी लोगों की तुलना किस पेड़ से की है? 1

(क) आम के पेड़ से (ख) खजूर के पेड़ से (ग) इमली के पेड़ से (घ) गुलमोहर के पेड़ से

11. 'यात्री' के अर्थ में प्रयुक्त शब्द दोहे से चुनकर लिखें। 1

(क) खजूर (ख) छाया (ग) पंथी (घ) बड़ा

**सूचना : 'बात उस मंगलवार की' डायरी का अंश पढ़ें और 13 से 15 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> मुझसे कई लोग पूछते हैं कि शहर में मेरा क्लीनिक कहाँ है? मेरा जवाब होता है कि मेरा क्लीनिक शहर में नहीं है। यहीं जंगल के बीच ये सभी मेरे क्लीनिक हैं। मुझे इसी तरह का डॉक्टर बने रहना है। यही काम मुझे अच्छा लगता है। और इसी काम का मुझे रोज़ इंतज़ार रहता है।

13. डॉक्टर रमणी अटकुरी किस तरह की डॉक्टर बने रहना चाहती हैं? 1

(क) आलसी (ख) स्वार्थी

(ग) परोपकारी (घ) लालची

14. डॉक्टर रमणी अटकुरी कहाँ क्लीनिक चलाना चाहती हैं? 1

15. विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल 2024 को है। इस अवसर पर आपके स्कूल में डॉक्टर रमणी अटकुरी का आदर किया जाएगा। इसके लिए **पोस्टर** तैयार करें। 4

**अथवा**

रमणी अटकुरी गरीबों की डॉक्टर बने रहना चाहती हैं। बाहमनी गाँव के अपने अनुभवों के बारे में वे अपने मित्र के नाम पत्र लिखती हैं। वह **पत्र** लिखें।

**सूचना : 'इंद्रधनुष धरती पर उतरा...' चित्रकथा का अंश पढ़ें और प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।**

> सप्तम : अपने घर में मुझे रहने दिया। बहुत शुक्रिया। अब मुझे वापस जाना है।
> लड़के ने उसे विदा दी। वर्षा की बूँदें बरसने लगीं। पूर्व में सूर्य की किरणें झलकने लगीं। सात रंगोंवाला इंद्रधनुष चमकने लगा। सप्तम फिर से अपना घर पहुँच गया था।

16. सप्तम को कहाँ वापस जाना है? 1

(क) टहनियों में (ख) नदी में

(ग) झरने में (घ) आकाश में

17. 'सप्तम फिर से अपना घर पहुँच गया था।' इस संदर्भ में सप्तम और माँ के बीच की बातचीत लिखें। 4

**अथवा**

**संबंध पहचानें और लिखें, किसने कहा?**

- तुम ज़रूर यहाँ आराम कर सकते हो।
- तुम मेरी टहनियों पर नहीं रह सकते।
- किसी झरने के पानी में इंद्रधनुष कैसे रह सकता है?
- क्या, मैं तुम्हारे घर में आराम कर सकता हूँ?

पेड़
लड़का
इंद्रधनुष
निर्झर

**सूचना : 'बात उस मंगलवार की' डायरी का अंश पढ़ें और प्रश्न 18 और 19 के उत्तर लिखें।**

अब तक अँधेरा बहुत गहरा गया है और बारिश भी मूसलधार है। हम अपनी जीप तक तो नहीं पहुँच पाएँगे। रात यहीं रुकना पड़ेगा। हम चूल्हे के पास बैठकर गर्म दाल-चावल और साग का भोजन करते हैं।

18. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(साग का, रात को)

हम भोजन करते हैं।

हम स्वादिष्ट भोजन करते हैं।

..........................................................

..........................................................

19. आपके विचार में एक अच्छे डॉक्टर के गुण क्या-क्या हैं? संकेतों के आधार पर टिप्पणी लिखें। 4

- कर्तव्यनिष्ठा
- ईमानदारी
- सेवाभाव
- सहानुभूति

**अथवा**

**सही मिलान करें।**

| | |
|---|---|
| डॉक्टर रमणी अटकुरी | मूसलधार है। |
| मनियारी नदी पर | गहरा है। |
| अँधेरा | क्लीनिक चलाती है। |
| बारिश | पुल नहीं है। |

■